पत्रिका

22/05/2024

अलवर @ पत्रिका. ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अलवर कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस हुई। इसमें हैरिसन कॉलेज आफ फार्मेसी ऑबर्न यूनिवर्सिटी यूएसए, कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी, आरयूएचएस जयपुर, ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं इंडियन फार्मेसी ग्रेजुएट संगठन शामिल हुआ। इस दौरान यूएस के ऑबर्न यूनिवर्सिटी के लगभग 10 स्टूडेंट सहित राजस्थान एवं हरियाणा के कई फार्मेसी कॉलेज के करीब 700 डेलिगेट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. प्रोफेसर असीम दास, अलवर कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के डीन जय बालन, जनरल सेकेट्री आईपीजीए डॉ. अरुण गर्ग व आरयूएएस के डिप्टी सेकेट्री डॉ. राजेश यादव ने की। कॉन्फ्रेंस में ऑक्यूपेशनल डिजीज एस्पेशली सिलिकोसिस, सिलिकॉन ट्यूबरक्लोसिस पर आधारित एवं सिलिकोसिस पर विशेष अनुसंधान को क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए किया गया है। इस दौरान डॉ. उस ओझा, डॉ. सरोज कुमार सुमन, डॉ. लोकेश कुमार लालवानी, डॉ. क्षितिज चौधरी, अमेरिका से आए डॉ. मुरली कृष्ण धरण ने विचार रखे।